भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1146**

उत्तर देने की तारीख 02 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

**खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति**

1146. श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तेलंगाना राज्य में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति के लिए जिला-वार, वर्ष-वार कुल कितने छात्रों का चयन किया गया है;

(ख) इस योजना के माध्यम से खिलाड़ियों को मिलने वाले संभावित लाभों का खेल-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार उस उद्देश्य को प्राप्त कर पाई है जिसके लिए खेलो इंडिया यूथ गेम का आयोजन किया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) गांवों सहित दूरस्थ, अल्प-विकसित क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तेलंगाना राज्य से खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत छात्रवृत्ति के लिए चुने गए छात्रों की कुल संख्या इस प्रकार है:

| 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|
| 55 | 51 | 59 | 62 |

(ख) खेलो इंडिया स्कीम के "खेलो इंडिया केंद्र और खेल अकादमियां" घटक के अंतर्गत, चिन्हित प्रतिभाओं को मान्यता प्राप्त खेलो इंडिया अकादमियों में शामिल होने का विकल्प दिया जाता है और प्रशिक्षण व्यय, कोचिंग, प्रतियोगिताओं के एक्सपोजर, शिक्षा, उपकरण सहायता, वैज्ञानिक सहायता आदि के लिए प्रति वर्ष 6.28 लाख रुपये की वित्तीय सहायता [आउट ऑफ पॉकेट भत्ते (ओपीए) के रूप में 1.20 लाख रुपये सहित] भी प्रदान की जाती है।

(ग) जी हां। खेलो इंडिया स्कीम का उद्देश्य देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और खेल उत्कृष्टता हासिल करके जनता को खेल के क्रॉस कटिंग प्रभाव के माध्यम से इसकी शक्ति का उपयोग करने का अवसर प्रदान करना है। यह युवाओं के बीच खेलों को व्यापक आधार देने और पूरे देश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। अब तक, 01 खेलो इंडिया स्कूल गेम्स और 05 खेलो इंडिया यूथ गेम्स (के आईवाईजी) के संस्करण आयोजित किए जा चुके हैं। इन खेलों के तकनीकी संचालन का स्तर अंतरराष्ट्रीय मानकों का है। इन खेलों में 29,000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया है, जिनमें से 2757 एथलीटों को खेलो इंडिया एथलीट के रूप में चुना गया है। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण और अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न पहलें की गई हैं, जिसमें मान्यता प्राप्त अकादमियों में खेलो इंडिया एथलीटों का प्रशिक्षण शामिल है। इसके अतिरिक्त, ये एथलीट विभिन्न मंचों पर राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिससे उनकी क्षमता बढ़ती है और भविष्य के राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए देश की बेंच स्ट्रेंथ मजबूत होती है।

(घ) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय गांवों सहित दूरस्थ अल्पविकसित क्षेत्रों सहित देश भर में खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए निम्नलिखित स्कीमें लागू करता है:

(i) "खेलो इंडिया- राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम" स्कीम; (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता; (iii) अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार; (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार; (v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन; (vi) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खेल कल्याण स्कीम; (vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और (viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्र।

उपरोक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइटों पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****